Total No. of Printed Pages—3

**4 SEM TDC HINH (CBCS) C 8**

**2024**

( May/June )

HINDI

( Core )

Paper : C–8

**( भाषा-विज्ञान और हिन्दी भाषा )**

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) भाषा संस्कृत के किस 'धातु' से बना है?

(ख) भाषा-विज्ञान, विज्ञान है या कला?

(ग) ध्वनि को दूसरे शब्दों में क्या कहा जाता है?

(घ) वाक्य के सार्थक लघुतम इकाई को क्या कहा जाता है?

(ङ) पूर्ण अर्थ की प्रतीति कराने वाले शब्दसमूह का नाम क्या है?

(च) शब्द अगर शरीर है, तो अर्थ क्या है?

(छ) हिन्दी भाषा किस परिवार की भाषा है?

(ज) नागरी लिपि का विकास कब से माना जाता है?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) विचार विनिमय के कितने साधन माने गए हैं? नामोल्लेख कीजिए।

(ख) भोलानाथ तिवारी ने भाषा-विज्ञान की क्या परिभाषा दी है?

(ग) ध्वनियों का वर्गीकरण के कितने आधार माने जाते हैं? उनका नाम लिखिए।

(घ) पद और वाक्य में क्या अंतर है?

(ङ) पश्चिमी हिन्दी के किसी एक बोली का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(च) देवनागरी लिपि का परिचय दीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) भाषा का अनुकरण सिद्धांत को संक्षेप में लिखिए।

(ख) रूपिम विज्ञान के महत्त्व को समझाइए।

(ग) वाक्य के स्वरूप से आपका क्या तात्पर्य है? उदाहरण देकर बताइए।





(घ) मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा क्या है? और उसका समय क्या निर्धारित किया गया है? लिखिए।

(ङ) देवनागरी लिपि की किन्हीं चार विशेषताओं को लिखिए।

(च) अर्थ-संकोच से आप क्या समझते हैं? बताइए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए : 12×4=48

(क) भाषा की परिभाषा देते हुए भाषा के विविध रूपों/बोलियों पर प्रकाश डालिए।

(ख) भाषा-विज्ञान का अन्य शाखाओं से संबंधों को उद्घाटित कीजिए।

(ग) ध्वनियों का वर्गीकरण वाक् अवययों के आधार पर प्रकाश डालिए।

(घ) रूपिम विज्ञान के स्वरूप का निर्धारण विस्तारपूर्वक लिखिए।

(ङ) वाक्य को परिभाषित करते हुए वाक्य के भेदों का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(च) अर्थ-विस्तार से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

(छ) पश्चिमी हिन्दी की बोलियों का नामोल्लेख करते हुए उसका परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(ज) देवनागरी लिपि के गुणों को विस्तारपूर्वक समझाइए।

★★★

Total No. of Printed Pages—4

## 4 SEM TDC HINH (CBCS) C 9

**2024**

( May/June )

# HINDI

( Core )

Paper : C–9

**( हिन्दी उपन्यास )**

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) जालपा की शादी के चढ़ावे में कौन-सा गहना नहीं आया था?

(ख) 'त्यागपत्र' उपन्यास की नायिका कौन है?

(ग) दयानाथ कहाँ नौकरी करते थे?

(घ) 'त्यागपत्र' उपन्यास का प्रकाशन कब हुआ?

(ङ) 'मानस का हंस' उपन्यास के लेखक कौन हैं?

(च) 'महाभोज' किस प्रकार की रचना है?

(छ) 'मानस का हंस' उपन्यास किसके जीवन-कथा पर आधारित है?

(ज) 'महाभोज' उपन्यास में लोचनसिंह रावत किस नाम से विख्यात है?

**2.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×4=32

(क) गहनों का मरज न जाने इस दरिद्र देश में कैसे फैल गया। जिन लोगों के भोजन का ठिकाना नहीं, वे भी गहनों के पीछे प्राण देते हैं। हर साल अरबों रुपये केवल सोना-चाँदी खरीदने में व्यय हो जाते हैं। संसार के और किसी देश में इन धातुओं की इतनी खपत नहीं। तो बात क्या है? उन्नत देशों में धन व्यापार में लगता है, जिससे लोगों की परवरिश होती है और धन बढ़ता है। यहाँ धन शृंगार में खर्च होता है, उसमें उन्नति और उपकार की जो दो महान शक्तियाँ हैं, उन दोनों ही का अंत हो जाता है।

**अथवा**

लज्जा ने सदैव वीरों को परास्त किया है। जो काल से भी नहीं डरते, वे भी लज्जा के सामने खड़े होने की हिम्मत नहीं करते। आग में झुँक जाना, तलवार के सामने खड़े हो जाना, इनकी अपेक्षा कहीं सहज है। लाज की रक्षा ही के लिए बड़े-बड़े राज्य मिट गये हैं, रक्त की नदियाँ बह गयी हैं, प्राणों की होली खेल डाली गयी हैं।

(ख) लीला तेरी है, जीत-मरते हम हैं। क्यों जीते; क्यों मरते हैं? हमारी चेष्टा, हमारे प्रयत्न क्या हैं? क्यों हैं? पूछे जाओ, उत्तर कोई नहीं मिलता। फिर भी उत्तर नीरव भाषा में सदा मुखरित है। भीतर उत्तर है।





**अथवा**

वह काल के अधीन है, यह तब ज्ञान ही न रहा। ऐसा भी न अनुभव हुआ कि वाद-विवाद द्वारा, प्रश्नोत्तर द्वारा, सफाई-तफसील द्वारा भरने के लिए कोई अंतर भी हमारी परस्पर की स्थितियों के मध्य बाकी बचा हुआ है। मानों सब कुछ ठीक है और हम दोनों का यहाँ इस विधि होना भी उस 'सब ठीक' का ही भाग है। जो बिना त्रिकाल-भेद के सदा-सर्वदा वर्तमान है उसी के निर्देश पर मानो मात्र वर्तमान होकर है वहाँ था।

(ग) ''इसी बात की तो परीक्षा लेना चाहता हूँ। राम-कृपा से मैं उस आकर्षण से मुक्त रहूँगा जिससे सारा संसार बँधता है।''

**अथवा**

''दोषी मेरा भाग्य है। तुम्हें पाकर एक जगह में अपने आपको इतनी धन्य अनुभव करती हूँ कि अपने दुर्भाग्य पर बीच-बीच में बावली खीझ उठ पड़ती है। मैं अपने आपसे विवश हूँ स्वामिन्।'' कहकर वह फिर पति की छाती में मुँह गड़ाकर फूट-फूटकर रोने लगी।

(घ) नहीं, ये बातें गिने-चुने मूर्खों को छोड़कर, अब किसी को परेशान नहीं करती। परेशान करना तो दूर, क्षण-भर के लिए भी किसी के दिमाग में नहीं आती। कुछ बातें, कुछ तथ्य, कुछ स्थितियाँ प्रचलित होते-होते सबके बीच इस तरह स्वीकृति पा लेती है कि वे फिर लोगों की सोच की सीमा में रहती ही नहीं।

**अथवा**

इस बार तो देख लिया सबने कि जनता की एकता में बड़ा जोर है। तूफानी जोर। तूफान आता है तो बड़े-बड़े पेड़ों को जड़ सहित उखाड़ फेंकता है। जनता एक होती है तो बड़े-बड़े राज्य उलट देती है। फिंका हुआ आदमी ही इस बात को सबसे ज्यादा महसूस करता है। कुर्सी पर बैठना है तो जनता में फूट डालो।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) 'गबन' उपन्यास की कथावस्तु लिखिए।

(ख) "जैनेन्द्र जी ने 'त्यागपत्र' में मृणाल के बहाने नारी-जीवन की विविध समस्याओं का वर्णन किया है।" स्पष्ट कीजिए।

(ग) प्रेमचंद के उपन्यास 'गबन' का नायक कौन है? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(घ) नामकरण के आधार पर 'मानस का हंस' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ङ) विपक्षीदल की राजनीति के धूर्त-प्रणेता के रूप में सुकुल बाबू का मूल्यांकन कीजिए।

(च) 'मानस का हंस' के आधार पर रत्नावली का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(छ) उपन्यास के तत्त्वों के आधार पर 'महाभोज' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ज) 'त्यागपत्र' उपन्यास की कथावस्तु को अपने शब्दों में लिखिए।

★★★

Total No. of Printed Pages—4

# 4 SEM TDC HINH (CBCS) C 10

**2024**

( May/June )

HINDI

( Core )

Paper : C–10

**( हिन्दी कहानी )**

*Full Marks* : 80
*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'उसने कहा था' कहानी के प्रमुख पुरुष-पात्र कौन हैं?

(ख) हल्कू की पत्नी का नाम क्या है?

(ग) 'मलबे का मालिक' कहानी का कथ्य किस पर आधारित है?

(घ) 'आकाशदीप' कहानी के लेखक कौन हैं?

(ङ) 'तीसरी कसम' कहानी किसकी कालजयी रचना है?

(च) 'सिक्का बदल गया' कहानी किस कहानी-संग्रह से ली गई है?

(छ) सिद्धेश्वरी के पति का नाम क्या है?

(ज) 'पाजेब' कहानी किस शैली में लिखी गई है?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) 'उसने कहा था' कहानी के केन्द्रीय भाव को संक्षेप में लिखिए।

(ख) "'पाजेब' कहानी में बाल-मनोविज्ञान का सजीव चित्रण मिलता है।" स्पष्ट कीजिए।

(ग) जब ठण्ड बर्दाश्त के बाहर हो जाती है तो हल्कू उसका सामना कैसे करता है?

(घ) 'आकाशदीप' कहानी के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'दोपहर का भोजन' कहानी के उन प्रसंगों का उल्लेख कीजिए जिनसे गरीबी की विवशता झाँकती प्रतीत होती है।

(च) 'तीसरी कसम' कहानी की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(छ) "'सिक्का बदल गया' कहानी देश विभाजन की त्रासदी पर आधारित कहानी है।" समीक्षा कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) "एक एक भाग्यवान ऐसे पड़े हैं, जिनके पास जाड़ा जाए तो गर्मी से घबड़ाकर भागे। मोटे-मोटे गद्दे, लिहाफ, कंबल। मजाल है, जाड़े का गुजर हो जाए। तकदीर की खूबी है। मजूरी हम करे, मजा दूसरे लूटेंगे।"





(ख) "बिना फेरे घोड़ा बिगड़ता है और बिना लड़े सिपाही। मुझे तो संगीन चढ़ाकर मार्च का हुक्म मिल जाए। फिर सात जर्मनों को अकेला मारकर न लौटूँ तो मुझे दरबार साहब की देहली पर मत्था टेकना नसीब न हो।"

(ग) "मेरे मन में उस समय तरह-तरह के सिद्धांत आए। मैने स्थिर किया कि अपराध के प्रति करुणा ही होनी चाहिए, शेष का अधिकार नहीं है। प्रेम से ही अपराध-वृत्ति को जीता जा सकता है।"

(घ) "राज पलट गया है... सिक्का क्या बदलेगा? वह तो मैं वहीं छोड़ आयी।"

(ङ) "उनकी आँखें इस आग्रह के साथ वहाँ की हर चीज को देख रही थीं, जैसे वह शहर साधारण शहर न होकर एक अच्छा खासा आकर्षण केन्द्र है।"

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 11×4=44

(क) "'पूस की रात' कहानी भारतीय किसान के मजदूर बनने की त्रासदी की ओर संकेत करती है।" उक्त पंक्ति की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'उसने कहा था' कहानी के आधार पर लहना सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) कहानी तत्त्वों के आधार पर 'पाजेब' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(घ) कृष्णा सोबती के व्यक्तित्त्व और कृतित्त्व का परिचय दीजिए।

(ङ) 'तीसरी कसम' कहानी का सारांश लिखिए।

(च) कहानी कला की दृष्टि से 'आकाशदीप' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(छ) मोहन राकेश द्वारा रचित 'मलबे का मालिक' कहानी की मूल संवेदना को विस्तारपूर्वक लिखिए।

★★★